आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 *फरवरी* 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आज प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र में पवित्र त्रिवेणी संगम में करेंगी स्नान, पूजा अर्चना के साथ डिजिटल महाकुंभ केंद्र का भी करेंगी दौरा
- महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पहुंची साढ़े तैंतालिस करोड़ के पार, पूर्णिमा स्नान पर आ रही भारी भीड़ को देखते हुए बंद किया गया प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण में देश भर के विद्यार्थियों से करेंगे संवाद, प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से जुड़ेंगे छत्तीस विद्यार्थी
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने गोरखपुर जंक्शन पर प्रस्तावित मॉ**डल स्टेशन** का किया निरीक्षण, गोरखपुर एयरपोर्ट के नये टर्मिनल के पास नया रेलवे स्टेशन बनाने की योजना पर भी काम करने को कहा

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज प्रयागराज महाकुंभ आएंगी। वे गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगी। राष्ट्रपति अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर के भी दर्शन करेंगी। वे डिजिटल महाकुंभ केंद्र में आधुनिक तकनीक के माध्यम से महाकुंभ के बारे में **जानकारी लेंगी। हमारे प्रतिनि**धि की एक रिपोर्ट–

***राष्ट्रपति आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी । देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद के बाद श्रीमती मुर्मू दूसरी राष्ट्रपति हैं जो महाकुंभ में स्नान करेंगी। राष्ट्रपति डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का अवलोकन भी करेंगी जहां महाकुंभ मेले के महत्व के बारे में तकनीकि माध्यमों से विस्तृत जानकारी मुहैया करायी जा रही है। यह डिजिटल महाकुंभ एक्सपीरियंस सेंटर श्रद्धालुओं को इस विराट आयोजन को और ज्यादा नजदीक से अनुभव करने के लिए बनाया गया है। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद कर दी गई है। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस अवसर पर राष्ट्रपति के साथ उपस्थित रहेंगे।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में तेरह जनवरी से कल देर शाम तक तैंतालिस करोड़ सत्तावन लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके थे। अकेले कल एक करोड़ सत्तावन लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया, **जिनमें** दस लाख से अधिक कल्पवासी भी शामिल हैं। विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री महाकुंभ क्षेत्र की अलग अलग गतिविधियों में हिस्सा भी ले रहे **हैं। एक** रिपोर्ट–

***उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कैलाशानंद गिरी शिविर के कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपने परिवार के साथ प्रयागराज में बने उत्तराखंड मंडपम में भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सत्ताइस में उत्तराखंड में भी महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। श्री धामी ने बताया कि–***

***हमारा दो हजार सत्ताइस में कुंभ का आयोजन है वहां और उसके निमित्त सभी साधु संतों से और सभी लोगों से हम लोग परामर्श करेंगे। धार्मिक संगठनों के लोगों से भी बात करेंगे। अच्छा आयोजन हो और लोगों को अच्छा सुविधा मिले अच्छी व्यवस्थित तरीके से हो उसके लिए हम अभी से तैयारी शुरू करेंगे।***

***राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल प्रयागराज महाकुंभ के राजस्थान मंडपम में श्रद्धालुओं को भोजन परोसा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश मंडपम में पत्नी समेत शनिवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक***

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी कल महाकुंभ में पवित्र स्नान किया।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में आ रही यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को बंद कर दिया गया है। यह जानकारी उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने कल दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्टेशन पर यात्री प्रवेश नहीं कर सकेंगे। वहीं उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने भी बताया कि पूर्णिमा स्नान को देखते हुए कई कदम उठाए गए हैं। इसी के तहत प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को भी बंद किया गया है।

***हम लोगों ने प्रयागराज संगम स्टेशन को बंद कर दिया है। साथ ही साथ हम लोगों ने जो प्रयागराज जंक्शन पर एंट्री एग्जिट था। कि जैसे एंट्री केवल और केवल सिटी साइड से होगी और एग्जिट सिविल लाइन साइड से होगा। इसी प्रकार से यात्रियों को जो अनारक्षित श्रेणी के जनरल क्लास के यात्री हैं उनको प्रवेश यात्री आश्रय शेड जो कलर कोडेड यात्री आश्रय शेड है उसके माध्यम से प्रवेश***

*दिया जाएगा। इसी तरह आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को गेट नंबर पांच के माध्यम से जो उनके लिए यात्री आश्रय शेड बनाया गया है उसके माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। ये सारी चीजें हमने लागू कर दी हैं।*

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में आज सुबह ग्यारह बजे पूरे देश के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री परीक्षा की तैयारियों, तनाव से निपटने और व्यक्तिगत विकास पर अपने विचार साझा करने के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल, शिक्षा और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के छत्तीस विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

***5 करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी का यह कार्यक्रम एक जन आंदोलन के रूप में उभरा है, जो सीखने की प्रक्रिया को प्रेरित करता है। परीक्षा पे चर्चा 2025 में सात व्यावहारिक सत्र होंगे, इनमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रबुद्ध विद्वान जीवन और सीखने की प्रक्रिया के आवश्यक पहलुओं पर छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। पिछले कुछ वर्षों में, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम तनाव को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने के उद्देश्य से एक अवसर के रूप में विकसित हुआ है। कार्यक्रम के दौरान परीक्षा के जुडे प्रश्नों का उचित समाधान प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति और व्यवहार के बीच के अंतर को दूर किया है, जिससे छात्र को परीक्षा के दबाव में भी आगे बढने का अवसर मिला है। प्रिया, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक काफी उत्साहित हैं। मेरठ जिले के विद्यार्थी दिव्यांश के अभिभावक अनुज जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से बच्चों को काफी सहयोग मिलता है।

***परीक्षा पे चर्चा जो ये कार्यक्रम है हम सभी लोग पूरी फैमिली उसको देखेंगे भी और मैं समझता हूं जो हमारे बच्चे हैं सभी बच्चें हैं जो स्कूल्स के हैं वो उसको पूर्ण रूप से जो वो बताएंगे आब्जर्व करेंगे उसको पूरा अपने ऊपर उसका पालन करेंगे। उसको अपने अंदर अटेम्प्ट करेंगे। उसका यूज मेरे हिसाब से उन लोगों को बहुत ज्यादा इसका फायदा मिलने वाला है।***

मेरठ जिले में ही संचालित केएल इंटरनेशनल स्कूल में बारहवीं कक्षा में पढ़ रही परिणिका गर्ग  का कहना है कि यह विशेष कार्यक्रम छात्रों के लिए बहुत उपयोगी है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव  ने कल गोरखपुर में गोरखपुर जंक्शन पर प्रस्तावित मॉडल स्टेशन के कार्यों का निरीक्षण किया। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि गोरखपुर मॉडल स्टेशन के काम में और तेजी लाई जा रही है।

***काम में बहुत तेजी आई है और स्टेशन की डिजाइन अगर आपने देखी है विरासत को ध्यान में रखकर स्टेशन की डिजाइन बनायी गयी है। गोरखपुर एयरपोर्ट पर जो नया टर्मिनल बन रहा है जहां रेलवे और एयरपोर्ट की व्यवस्था को इंटीग्रेड करके दोनों को जोड़कर क्या एक ऐसा नया स्टेशन भी बन सकता है जो एयरपोर्ट से लगा हुआ हो, जो हमारे एयरपोर्ट के डारेक्टर है और रेलवे के जनरल मैनेजर है दोनों को साथ बैठकर इसकी पूरी प्लानिंग करने को कहा गया है।***

इस दौरान रेलवे महाप्रबंधक सौम्या माथुर और मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार भी मौजूद थे।

**********

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश ने अब तक दस स्वर्ण, ग्यारह रजत और नौ कास्य पदकों सहित कुल तीस पदक जीते हैं। पदक तालिका में उत्तर प्रदेश ग्यारहवें स्थान पर है। कल हुई पुरुष आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम ने रजत पदक, जबकि एथलेक्टिक्स प्रतिस्पर्धा में कास्य पदक अपने नाम कर लिया।

**********